लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2651
04 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

भागलपुर में मेगा टेक्सटाइल पार्क

2651. श्री अजय कुमार मंडलः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का रेशम (तसर रेशम) और हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बिहार के भागलपुर शहर में कोई विशेष क्लस्टर या मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस प्रयोजन के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा भागलपुर के स्थानीय बुनकरों को वैश्विक बाजार से जोड़ने तथा उन्हें ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान 'मुद्रा योजना' या अन्य वस्त्र योजनाओं के अंतर्गत भागलपुर के बुनकरों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): वस्त्र मंत्रालय हथकरघा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरे देश में राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (NHDP) का कार्यान्वयन कर रहा है। एनएचडीपी के दोनों घटकों, मेगा क्लस्टर विकास कार्यक्रम और आवश्यकता आधारित विशेष अवसंरचना परियोजनाओं के तहत, राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों/आईए से पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने पर उन्नत करघों और ऐसेसरीज, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, वर्कशेड, डिजाइन और उत्पाद विकास, प्री-लूम, ऑन-लूम और पोस्ट-लूम सुविधाओं के विकास, प्राकृतिक/वेजेटेबल डाई का संवर्धन, डाई हाउस की स्थापना आदि जैसे विभिन्न हस्तक्षेपों के लिए क्रमशः 30.00 करोड़ रुपये (भारत सरकार) और 12.00 करोड़ रुपये (भारत सरकार) तक की आवश्यकता आधारित वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

हालांकि, पूर्ववर्ती व्यापक हथकरघा क्लस्टर विकास योजना (CHCDS) के तहत, जिसे अब मेगा क्लस्टर विकास कार्यक्रम में शामिल कर पुनः नामित किया गया है, एनएचडीपी के एक घटक के रूप में (दिनांक 20.10.2021 से) वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान भागलपुर (बिहार) में 01 मेगा हथकरघा क्लस्टर को मंजूरी दी गई थी। परियोजना के तहत स्वीकृत हस्तक्षेपों में 01 डाई हाउस, 01 डिजाइन स्टूडियो और उत्पाद विकास केंद्र, और 10 ब्लॉक-स्तरीय क्लस्टर की स्थापना शामिल थी। परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कुल 5.28 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 के दौरान, सरकार ने तकनीकी वस्त्रों में मूल्य संवर्धन लाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए चैलेंज मोड में मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की घोषणा की। यह योजना वर्तमान में अपने प्रारंभिक निर्माण चरण में है, एक बार योजना दिशानिर्देशों और कार्यप्रणाली तय हो जाने पर, बिहार सहित सभी राज्यों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे।

(ग): हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन विपणन के लिए बुनकरों और कारीगरों की सहायता करने के लिए एक ई-कॉमर्स पोर्टल (https://www.indiahandmade.com/)) लॉन्च किया गया है। इसके अतिरिक्त, हथकरघा बुनकरों को सरकारी ई-मार्केट प्लेस पर ऑनबोर्ड किया गया ताकि वे अपने उत्पादों को सीधे विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों को बेच सकें।

(घ): बुनकर मुद्रा योजना के तहत भागलपुर के बुनकरों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	स्वीकृत ऋणों की संख्या	स्वीकृत ऋण राशि (लाख रुपये में)
2023-24	32	23.90
2025-26	7	08.50

*****